बिहार सरकार

आपदा प्रबंधन विभाग

<u>प्रेस नोट</u>

दिनांकः– 26.07.2016

नेपाल के तराई क्षेत्रों में भारी वर्षा से उत्तरी बिहार के कुछ जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप जिलो द्वारा तैयारी की गई है। वर्त्तमान में महानन्दा, बखरा, कंकई, परमार एवं कोसी नदी में आए बाढ़ से राज्य के पूर्णियां, किशनगंज, अररिया, दरभंगा, मधेपुरा, भागलपुर, कटिहार एवं सुपौल जिला बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य में बाढ़ से राहत एवं बचाव कार्य की स्थिति निम्न हैः–

नदियों का नाम जो खतरे के निशान से उपर बह रही है – बागमति–बेनिबाद (मुजफ्फरपुर) में (DL 48.68, AL 49.37), कमला बलान – झंझारपुर (मधुबनी) में (DL 50.0, AL 51.49), कोसी– बलतारा (खगड़िया) में (DL 33.85, AL 34.96), महानन्दा– ढंगरा घाट (पूर्णियां) में (DL 35.65, AL 37.17) तथा झावा (कटिहार) में (DL 31.40, AL 32.62)

1.	कुल प्रभावित जिलो की संख्या –	8 (पूर्णियां, किशनगंज, अररिया, दरभंगा, मधेपुरा, भागलपुर, कटिहार एवं सुपौल)
2.	कुल प्रभावित प्रखण्डों की संख्या –	34
3.	कुल प्रभावित पंचायतों की संख्या –	(क) आंशिक –210 (ख) पूर्ण –162
4.	कुल प्रभावित गांवों की संख्या –	1324
5.	प्रभावित जनंसख्या –	4.51 लाख
6.	बाढ़ से मृत व्यक्तियों की संख्या –	9
7.	बाढ़ से मृत पशु की संख्या –	2
8.	प्रभावित फसलों का रकवा –	0.06 लाख हेक्टेयर
9.	फसल क्षति का अनुमानित मूल्य–	आकलन किया जा रहा है।
10.	गृह क्षति – (i) पक्का	(क) आंशिक –0 (ख) पूर्ण –0
	(ii) कच्चा	(क) आंशिक –1364 (ख) पूर्ण –841
	(iii) झोपड़ी	531
11.	क्षतिग्रस्त गृहों का अनुमानित मूल्य –	33.60 लाख
12.	क्षतिग्रस्त सार्वजनिक सम्पत्ति का अनुमानित मूल्य –	आकलन किया जा रहा है।
13.	परिचालित नावों की संख्या –	(क) सरकारी देशी नाव – 338 (ख) निजी नाव – 203
14.	निष्क्रमित जनसंख्या–	96235
15.	चलाए जा रहे राहत कैम्पों की संख्या –	194
16.	शिविरों में रह रहे लोगों की संख्या –	52166
17.	चिकित्सा दलों की संख्या –	46
18.	पशु शिविरों की संख्या –	12
19.	सूखा राहत वितरण का विवरण–	चूड़ा–360.40 क्वीं0, गूड़–42.79 क्वीं0, दीया–सलाई –2990 पैकेट, मोमवत्ती–2990, किरासन तेल–200 ली0 पॉलिथिन शीट्स–3861 शीट्स एवं फूड पैकेट–520

नोट– 1. बाढ़ के मद्देनजर सुपौल, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं दीदारगंज, पटना में एन0डी0आर0एफ0 की एक–एक टीमें Prepositioned की गई है, जबकि खगड़िया, सीतामढ़ी, पूर्णियां, भागलपुर, मधुबनी, मधेपुरा में एस0डी0आर0एफ की एक–एक टीम Prepositioned की गई है। एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 की दो–दो टीमें बिहटा, पटना में सुरक्षित रखी गई है।

2. बाढ़ग्रस्त अररिया जिले में राहत कार्य हेतु सुपौल जिला से 20 एन0डी0आर0एफ0 जवानों को भेजा गया है।

3. पूर्णियां जिला में एस0डी0आर0एफ0 की एक टीम पूर्व से प्रतिनियुक्त है। दरभंगा जिले में प्रतिनियुक्त एन0डी0आर0एफ0 की एक टीम पूर्णियां जिला में राहत एवं बचाव कार्य हेतु भेजा गया है। साथ ही खगड़िया जिले से 25 सरकारी देशी नाव भी भेजा गया है। इसके अतिरिक्त मुजफ्फरपुर जिला से 50 सरकारी देशी नाव पूर्णियां जिला को भेजा जा रहा है।

4. बाढ़ग्रस्त किशनगंज जिले में बचाव एवं राहत कार्य हेतु पूर्णियां जिला से दो इन्फलेटेबल मोटरबोट के साथ एस0डी0आर0एफ0 के 10 जवानों को एवं खगड़िया जिला से 4 इन्फलेटेबल मोटरबोट के साथ 20 एस0डी0आर0एफ0 जबानों को भेजा गया है। साथ ही दरभंगा एवं लखीसराय जिले से 50 सरकारी देशी नाव भी भेजा गया है। इसके अतिरिक्त दरभंगा से एन0डी0आर0एफ0 की टीम को किशनगंज भेजा गया है।